# प्रेस नोट-थाना परशुरामपुरी
# जनपद शाहजहाँपुर
# दिनांक – 07.11.2026

**"थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत दहेज हत्या के अभियोग मे वांछित चल रहे एक अभियुक्त व एक अभियुक्ता को किया गिरफ्तार"**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) महोदया के निर्देशन में, क्षेत्राधिकारी परशुरामपुरी महोदय के निकट पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना परशुरामपुरी के कुशल नेतृत्व में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना परशुरामपुरी पुलिस टीम को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

**संक्षिप्त विवरण –**

दिनांक 24.10.2026 को वादी द्वारा लिखित तहरीर बावत अभियुक्तगण राजेंद्र उर्फ मंजू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा आदि 06 नफ़र अभियुक्त सर्व निवासीगण ग्राम मंगटोरा, थाना परशुरामपुरी, जनपद शाहजहांपुर द्वारा वादी की पुत्री को अतिरिक्त दहेज की माँग को लेकर प्रताड़ित करना व माँग पूरी ना होने पर फाँसी लगाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में दाखिल की थी प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 497/26 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम पंजीकृत किया गया। अभियोग की विवेचना के क्रम मे आज दिनांक 07/11/2026 को मुखबिर की सूचना पर वांछित एक अभियुक्त राजेंद्र उर्फ मंजू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा व एक अभियुक्ता कुसुम देवी पत्नी राधेश्याम शर्मा निवासीगण, ग्राम मंगटोरा थाना परशुरामपुरी जिला शाहजहाँपुर को अभियुक्त के घर से समय करीब 10.40 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**

1. राजेंद्र उर्फ मंजू शर्मा पुत्र राधेश्याम शर्मा, उम्र करीब 29 वर्ष, निवासी ग्राम मंगटोरा थाना परशुरामपुरी जिला शाहजहाँपुर
2. कुसुम देवी पत्नी राधेश्याम शर्मा उम्र करीब 65 वर्ष निवासी ग्राम मंगटोरा थाना परशुरामपुरी जिला शाहजहाँपुर

**पंजीकृत अभियोग का विवरण**

- मु0अ0सं0 497/26 धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/ 4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहाँपुर

**गिरफ्तारी का दिनांक, समय व स्थान –**

- दिनांक 07/11/2026, समय करीब 10.40 बजे, ग्राम मंगटोरा थाना परशुरामपुरी जिला शाहजहाँपुर को अभियुक्त के घर से

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण –**

1. उ0नि0 राजपाल सिंह थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
2. हे0का0 दिनेश कुमार थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
3. का0 विमल थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
4. का0 सूरज पूनिया थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
5. म0का0 नीतू थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर
6. म0का0 प्रीती चौधरी थाना परशुरामपुरी जनपद शाहजहांपुर